राखी कार्यक्रम में भाग लेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

ब्यावर (निसं) जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिले का जिला स्तरीय आयोजन 5 अगस्त को अंबेडकर भवन, ब्यावर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले की 600 से अधिक आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं भाग लेंगी और माननीय मुख्यमंत्री महोदय से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगी। मीना ने बताया कि राज्य स्तर पर राखी बांधने के कार्यक्रम के उपरांत जिले में भी राखी बांधने का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री महोदय की ओर से प्रत्येक आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका को 501 रुपए की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से भेंट स्वरूप दी जाएगी।

अजमेर दुग्ध संघ में स्वीकृत पद 347, कार्यरत महज 67

- मुख्यमंत्री व ब्यूरोक्रेट को डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने लिखा पत्र
- भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग

अजमेर, 04 अगस्त (कासं)। अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री सहित विभिन्न ब्यूरोक्रेट को पत्र प्रेषित कर अजमेर दुग्ध संघ में जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

चौधरी ने बताया कि अजमेर दुग्ध संघ में वर्तमान में 347 स्वीकृत पद हैं , जिसमें से केवल 67 पदों पर ही अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यरत है, चौधरी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री जोराराम कुमावत, आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, पशुपालन मत्स्य व गोपालन विभाग के सचिव समित शर्मा, आरसीडीएफ की प्रशासक एवं प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज तथा आरसीडीएफ के वित्तीय सलाहकार आकाश अल्हा को भी पत्र की प्रति प्रेषित की है। चौधरी ने बताया कि समय-समय पर आरसीडीएफ के माध्यम से राज्य सरकार को भर्ती की अनुमति के लिए आग्रह किया गया और हर माह स्टाफ स्ट्रैंथ की जानकारी भी आरसीडीएफ को भेजी जाती रही है। आरसीडीएफ द्वारा एनडीडीबी से अध्ययन करवा कर इसकी पुष्टि करके इसकी विस्तृत रिपोर्ट भी भेजी गई, अजमेर दुग्ध संघ ने 6 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए 210 अधिकारियों कर्मचारियों की आवश्यकता बताई थी। वर्तमान में यहां केवल 67 कर्मचारी कार्यरत हैं जो स्वीकृत स्ट्रेंथ से 280 कम है।

एनडीडीबी की रिपोर्ट के अनुसार 143 कर्मचारियों की कमी पाई गई, इसके बावजूद राज्य सरकार ने महज तीन पदों की भर्ती की अनुमति दी जो कि संघ की वास्तविकता की तुलना में अत्यंत अल्प व ऊंट के मुंह में जीरे वाली कहावत को चरितार्थ करती हैं। चौधरी ने बताया कि अजमेर दुग्ध संघ घाटे में नहीं है, संघ ने अपने स्तर पर 320 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक प्लांट का निर्माण किया है, इसमें राज्य सरकार अथवा आरसीएफडीएफ से कोई अनुदान नहीं लिया गया है। चौधरी ने पत्र में आगाह करते हुए लिखा कि संघ में रिक्त तकनीकी पदों पर यदि शीघ्र भर्ती नहीं की गई तो अत्याधुनिक प्लांट का संचालन संकट में पड़ सकता है वही गुणवत्तापूर्ण दुग्ध तैयार करने में भी बाधा उत्पन्न होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। चौधरी ने राज्य सरकार से अविलंब रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान कर अजमेर दुग्ध संघ को निर्बाध गति से संचालित करते रहने की पुरजोर मांग की है।

सुहाग दशमी पर्व मनाया

नसीराबाद, (निसं)। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के तत्वावधान में नसीराबाद में सुहाग दशमी पर्व बड़े ही धार्मिक उल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह बड़ा मंदिर जी में उपवास रखने वाली महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ श्रद्धापूर्वक सामूहिक पूजन अष्ट दिव्यों विधि से सम्पन्न किया। पूजन पश्चात, दोपहर में उपवासधारी महिलाओं के लिए धार्मिक अंताक्षरी, एक मिनट प्रतियोगिता सहित कई मनोरंजक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन के बीच सभी को पर्व से संबंधित कथा सुनाई गई तथा सामूहिक जाप भी कराया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। अध्यक्ष प्रीति सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में चैन समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया।

सार-समाचार

कांवड़ यात्रा का स्वागत

ब्यावर (निसं)बालाजी सेना के संस्थापक हनुमान बन्ना ने बताया की पुष्कर से ब्यावर के लिए पैदल कांवड यात्रा प्रारंभ हुई। ब्यावर राम द्वारा सन्त श्री केवल राम जी महाराज व अन्य संतों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात पुष्कर से लाएगए जल से शिवजी पर अभिषेक किया गया। सेना अध्यक्ष लक्ष्मण सोनी, पिंटू साहू, कुणाल राजपूत, यश बन्ना, भरत ललवानी, मनीष दगदी, साहिल कुमावत, विशाल सिंधी, बसंत पारिक, सुर्यप्रकाश मोर्य, सुमंत पारिक आदि के अलावा अन्य कार्यकर्ता थे।

श्री महेश सेवा फाउंडेशनवन भ्रमण कार्यक्रम

भीलवाड़ा। श्री महेश सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान भीलवाड़ा का एकमात्र तिरुपति बालाजी मंदिर सरस डेयरी के सामने एक दिवसीय वनभ्रमण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके तहत फाउंडेशन के सदस्यों ने भोलेनाथ के सहस्त्र धारा अभिषेक एवं पौधारोपण कर आम सभा आयोजित की। फाउंडेशन के चिकित्सा एवं मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री महेश सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश काबरा, मंत्री बृजमोहन सोमानी के नेतृत्व में तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ के पंडितों द्वारा म्यूजिकल पूजा अर्चना के बाद प्रातः सहस्त्र धारा अभिषेक किया महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए साय आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें फाउंडेशन की आगामी विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा कर वर्ष भर के लेखा-जोखा प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर फाउंडेशन के 180 सदस्य उपस्थित थे इस अवसर पर महेश काबरा, आशीष झवर, भेरूलाल कचोलिया ,नवरत्न भंडारी ,राजेंद्र कालिया, भगवान मालू ,रमेश लढ्ढा, लक्ष्मी नारायण हेड़ा, घीसू जागेटिया अनिल बांगड़ राजेश सोमानी कैलाश लड्ढा राजेश मंत्री अंकित मंत्री मनमोहन काबरा, रमेश सोनी नवीन बाहेती, अंकित न्याती राकेश मंडोवरा प्रहलाद मूंदड़ा,दिनेश देवपुरा, सुभाष भंडारी, घनश्याम हेडा,गौरव बाहेती,दिनेश कचोलिया, विजय लढ्ढा,विनोद सोमानी के जी गन्दोरिया,पुरुषोत्तम ईनाणी, राकेश सोमानी,अशोक मंत्री सहित महिलाएंआदि उपस्थित थे।

आरोग्येश्व महादेव मंदिर में करवाई जलधारा, भक्तों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अराई, (निसं)। पवित्र सावन माह के चौथे सोमवार को भागनानी परिवार ने अस्पताल परिसर स्थित आरोग्येश्वर महादेव मंदिर में भव्य जलधारा कार्यक्रम का आयोजन किया। धार्मिक भावना और आस्था से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और 'बोल बम' के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भागनानी परिवार के बसन्त भागनानी, प्रकाश भागनानी, मोहन भागनानी, हरीश भागनानी, देवीदास भागनानी, पवन, वर्षा भागनानी, पदमा मोटवानी, रेखा भागनानी, बिंदिया, पीहू सहित एसएचओ भोपाल सिंह, तहसीलदार हरिराम व भक्तों ने मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया, जिसमें गंगाजल, दूध, शहद, दही और घी सहित पंचामृत का प्रयोग किया गया। इसके पश्चात सुंदर पुष्पों से भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को रंगीन फूलों, धूपबत्तियों और दीपों से सजाया गया था। इस अवसर पर पंडित उमेश शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। उन्होंने कहा, सावन के महीने में भगवान शिव की आराधना से समस्त दुखों का नाश होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। जलधारा का यह आयोजन अत्यंत पुण्यदायक है। भक्तों ने शिव भजनों पर तालियां बजाते हुए झूमकर भक्ति रस का आनंद लिया।

डीडवाना : शहर की सड़कों पर जानवर राज

- सड़कों पर दिनभर बेसहारा गौवंश का जमावड़ा
- दिनभर सडकों पर हुड़दंग करते रहे बेसहारा जानवर

डीडवाना में प्रशासन और नगर परिषद की लापरवाही व उदासीनता के कारण लंबे समय बाद भी बेसहारा जानवरों पर कोई लगाम नहीं लग पाई है। शहर की सडकों पर दिनभर बेसहारा गौवंश उत्पात ओर हुडदंग मचाते रहते हैं, जिसकी चपेट में आकर आए दिन लोग घायल हो रहे हैं, वहीं हाईवे पर भी गोवंश के कारण सडक दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं में लोग असमय ही मौत के आगोश में समा रहे हैं, वहीं अनेकों लोग घायल हो रहे हैं। डीडवाना शहर की सडकों पर खुले घूमते यह बेसहारा गौवंश जहां लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बने हुए हैं, वहीं यातायात में भी बाधा बन रहे हैं।

यह बेसहारा जानवर लोगों के लिए खतरा भी बनते जा रहे हैं। इनजानवरों आपस में लडते रहते हैं, वहीं इनके बीच सडक पर बैठ जाने से यातायात बाधित होता है।

इन गौवंश के कारण पूर्व में भी कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है और जानवरों के झगडे की वजह से कई लोग घायल हो चुके हैं। लेकिनइन जानवरों की धरपकड करने में नगर परिषद प्रशासन लाचार साबित हो रहा है। जानवरों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद इस और बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप आयोजित

भीलवाड़ा। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भीलवाड़ा की बेटी अश्विनी से प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुलाकात की। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी। सीएम शर्मा ने एक्स पर लिखा कि वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप (अंडर-17) में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भीलवाड़ा की बेटी अश्विनी ने देश को गौरवान्वित किया। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने सिविल लाइंस स्थित राजकीय आवास में अश्विनी से मुलाकात करके बधाई दी। इधर भीलवाड़ा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन से ही उसे मालाओं से लाद दिया। हर कोई गौरवशाली पल में भीलवाड़ा की बेटी का सम्मान करने में लगा हुआ था। अश्विनी ने एथेंस (ठीस) में आयोजित किया।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदन करने की अन्तिम तिथि 14 अगस्त तक

- एठीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड जिले के लिए अधिकृत

भीलवाडा । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित्त मौसम आधारित फसल बीमा योजना खरीफ 2025 हेतु कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने कृषक हित में फसल बीमा पोर्टल पर आवेदन करने हेतु अंतिम तिथियों में संशोधन किया गया है, जिससे गैर ऋणी कृषक अपनी फसलों का बीमा अब 14 अगस्त तक करा सकेगें।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि गैर ऋणी कृषकों हेतु फसल बीमा आवेदन करने की अंतिम दिनांक 31 जुलाई से बढाकर 14 अगस्त 2025 कर दी गई है जबकि ऋणी कृषकों के खातों से फसल बीमा प्रीमियम डेबिट करने की अंतिम दिनांक 30 अगस्त 2025, निर्धारित की गई है। गैर ऋणी कृषकों को अपने स्वामित्व वाली भूमि की जमाबन्दी, स्व प्रमाणित घोषणा पत्र जिसमें प्रत्येक खसरा का कुल क्षेत्रफल, प्रस्तावित फसल का बुवाई क्षेत्रफल का विवरण, बैंक खाते की छाया प्रति संलग्न कर फसल बीमा पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

संयुक्त निदेशक जैन ने बताया कि जिले के लिए एठीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड को मनोनीत किया गया है। फसल कटाई उपरान्त सूखने के लिये खेत में काटकर फैलाकर छोड़ी फसल कों चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, असामयिक वर्षा तथा ओलावृष्टि से व्यक्तिगत आधार पर हुए नुकसान कें लिए कटाई उपरान्त अधिकतम 14 दिन के लिए समस्त अधिसूचित फसलों का बीमा कवर किया जाता है।

उन्होने बताया कि फसल की क्षित का आंकलन व्यक्तिगत बीमित फसल के आधार किये जाने का प्रावधान है, प्रभावित बीमित फसल के कृषक को आपदा के 72 घण्टे के अन्दर कृषि रक्षक पोर्टल या हेल्प लाईन नम्बर 14447 पर अथवा क्रोप इन्श्योरेन्स एप्प पर शिकायत दर्ज करानी होगी, यदि 72 घण्टे में कृषक द्वारा पूर्ण सूचना उपलब्ध नही करवाई जाती है तो वह कृषक 7 दिवस में पूर्ण सूचना निर्धारित प्रपत्र में सम्बन्धित बीमा कम्पनी को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएगा, परन्तु 72 घंटे में सूचना देना अति आवश्यक है।

एकदिवसीय वन भ्रमण कार्यक्रम

भीलवाड़ा। श्री महेश सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान भीलवाड़ा का एकमात्र तिरुपति बालाजी मंदिर सरस डेयरी के सामने एक दिवसीय वनभ्रमण का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके तहत फाउंडेशन के सदस्यों ने भोलेनाथ के सहस्त्र धारा अभिषेक एवं पौधारोपण कर आम सभा आयोजित की। फाउंडेशन के चिकित्सा एवं मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री महेश सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश काबरा, मंत्री बृजमोहन सोमानी के नेतृत्व में तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ के पंडितों द्वारा म्यूजिकल पूजा अर्चना के बाद प्रातः सहस्त्र धारा अभिषेक किया महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए साय आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें फाउंडेशन की आगामी विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा कर वर्ष भर के लेखा-जोखा प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर फाउंडेशन के 180 सदस्य उपस्थित थे इस अवसर पर महेश काबरा, आशीष झवर ,भेरूलाल कचोलिया ,नवरत्न भंडारी ,राजेंद्र कालिया, भगवान मालू ,रमेश लढ्ढा, लक्ष्मी नारायण हेड़ा, घीसू जागेटिया अनिल बांगड़ राजेश सोमानी कैलाश लड्ढा राजेश मंत्री अंकित मंत्री मनमोहन काबरा, रमेश सोनी नवीन बाहेती, अंकित न्याती राकेश मंडोवरा श्री महेश सेवा फाउंडेशन द्वारा सहस्त्रधारा अभिषेक एवं पोधारोपण किया

राम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी जी महाराज पहुंचे पुष्कर

- वही कल विद्यापीठ के संस्थापक गोविंद देव गिरी जी महाराज भी इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पुष्कर पहुंचें

पुष्कर, (निसं)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संत गोविंद देव गिरी जी महाराज के द्वारा पुष्कर में संचालित श्री ब्रम्ह सावित्री वेद विद्यापीठ मे चल रहे सावन महोत्सव के दौरान जहां हर रोज कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है तो वही कल विद्यापीठ के संस्थापक गोविंद देव गिरी जी महाराज भी इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पुष्कर पहुंचें।

विद्यापीठ के आचार्य रामकरण जोशी गुरुजी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य गुरुदेव के सन्निध्य में कल सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर देवाधिदेव महादेव का विशेष अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा जिसमें वेदपाठी बालकों द्वारा महामृत्युंजय महादेव के मंदिर में नमक चमक का पाठ कर रुद्राभिषेक किया किया गया इसके पश्चात भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर आरती उतारी ।

सावन महोत्सव के दौरान पूरे सावन महीने विद्यापीठ में स्थापित महामृत्युंजय महादेव के मंदिर में हर रोज रुद्राभिषेक कर भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना एवं अभिषेक किया जा रहा है । तो वही पूज्य गोविंद देव गिरी जी महाराज के पधारने के चलते कई श्रद्धालु भक्त भी कल से विद्यापीठ पहुंचें और इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

भाजपा बूढ़ा पुष्कर मंडल द्वारा आयोजित सहस्त्र धारा

- महाअभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत

अजमेर, (कासं)। गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करते हुए गुमान देव बालाजी मंदिर, बूढ़ा पुष्कर में भारतीय जनता पार्टी बूढ़ा पुष्कर मंडल की ओर से सहस्त्र धारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अवसर पर जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक कर लोककल्याण की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण एवं वैदिक विधि विधान के साथ की गई। भगवान भोलेनाथ का जल कलशों व दुग्ध से अभिषेक किया गया। मंत्री रावत ने श्रद्धापूर्वक अभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली, किसानों की समृद्धि और समाज के सर्वांगीण विकास की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है और यह हमारी आस्था, परंपरा और संस्कारों को सशक्त करते हैं।

वास्तविक सुख समभाव-उपप्रवर्तिनी डॉ. श्री राजमती जी म सा

अजमेर, (कासं)। मणिपुंज सेवा संस्थान में चातुर्मास के लिए विराजमान महाश्रमणी गुरूमाता महासती श्री पुष्पवती जी (माताजी) म.सा. आदि ठाणा-7 के पावन सान्निध्य में प्रार्थना, नवकार महामंत्री जाप एवं जिनवाणी की धारा सतत प्रवाहित हो रही है। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए उपप्रवर्तिनी सदगुरूवर्या डॉ. श्री राजमती जी म सा ने फरमाया कि ज्ञानी पुरूष सांसारिक पदार्थों की याचना न करके परमात्मा से समभव की ही याचना करते हैं। उनकी मांग है कि हे नाथ! दुःख में सुख में, वैरी पर और बन्धुजनों पर संयोग और वियोग में, भवन में और वन में प्रत्येक स्थिति में और प्रत्येक वस्तु में मेरी आत्मा में समभाव बना रहे। वास्तविक सुख समभाव में ही है। जिसके चित्त में समभाव नहीं है, वह किसी भी स्थिति में सुखी नहीं हो सकता। समभाव आ जायेगा तो हर परिस्थिति में सुख ही सुख का अनुभव करोगे। संसार में जितने भी प्राणी है, उन्हें अपनी आत्मा के समान समझो। भेदभाव मत रखो। जो चराचर प्राणियों को समभाव से देखता है, वही सच्चा पण्डित है। सब पर मध्यस्थ भाव रखना ही विवेकशील पुरूष का कर्त्तवय है। इस प्रकार का समभाव करूणा से आता है। जिसके अन्तःकरण में करूणा की प्रबलता होगी।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर(राज.)

क्रमांक : न.प.कि./PWC/BPAS-2430/2025/618 दिनांक - 04/08/2025

संशोधित विज्ञप्ति

इस कार्यालय कि आम सूचना क्रमांक 596 दिनांक 25.07.2025 जो दिनांक 27.07.2025 को राष्ट्रदूत समाचार पत्र के पृष्ठ सं. 03 पर प्रकाशित की गई थी। जिसमें श्रीमती हेमलता मालपानी पत्नी श्री सुरेश कुमार अग्रवाल के स्थान पर हेमलता अग्रवाल पत्नी श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पढ़ा जावें। शेष यथावत

प्रभारी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर परिषद किशनगढ़

रामलाल जाट कर रहे नेतृत्व

भीलवाड़ा। श्रावण मास के पावन अवसर पर मांडल कस्बे में चौथी कांवड़ यात्रा का भव्य शुभारंभ हुआ। विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस कांवड़ यात्रा की शुरुआत तालाब के बीच स्थित प्राचीन बड़ा महादेव मंदिर में अभिषेक के साथ हुई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामलाल जाट स्वयं कांवड़ यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। मांडल कस्बे से लगभग 21 किमी दूर स्थित हरनी महादेव मंदिर तक यह यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु आस्था से ओतप्रोत होकर सहभागिता कर रहे हैं।कस्बे में यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शिव भक्तों के जयकारों और ढोल नगाड़ों के साथ पूरे वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जल, नाश्ता एवं विश्राम की व्यवस्था भी की गई है। यात्रा के संयोजक मंडल ने बताया कि यह कांवड़ यात्रा सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का प्रतीक बनती जा रही है, जिसमें हर वर्ग के लोग श्रद्धा भाव से सम्मिलित हो रहे हैं। 21 किमी की यह कावड़ यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी जहां भव्य स्वागत किया गया।

आंतेड की बगीची में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

अजमेर, (कासं)। वैशाली नगर आंतेड की बगीची में सावन माह के सोमवार को उत्तर विधानसभा कांग्रेस की ओर से पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के सानिध्य में सहस्त्र धारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया और प्रदेश की खुशहाली व सुख समृद्धि और भाईचारे की मनोकामना मांगी। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, अजमेर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़, कांग्रेस नेता कमल वर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ व निमेश चौहान, देवेंद्र सिंह राठौड़, विष्णु सिंह राठौड़, विवेक वर्मा आदि कांग्रेस नेताओं ने भगवान श्री कल्याणेश्वर महादेव का अनुपम श्रृंगार कर पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सपत्नीक जोड़ो के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान राठौड़ सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर हर हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाते हुए भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और महाआरती की। इसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया। सहस्त्र धारा कार्यक्रम में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार गण तथा आमजन श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/199 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 04.08.25

श्रीमती जीनत जमाल पत्नी सैयद मोहम्मद शामीम चिश्ती निवासी फूल गली मोती कटला अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति जो वाके फूल गली मोती कटला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 152.97 व.मी. है। भूमि के वर्तमान प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : 15 फुट चौड़ा रोड पश्चिम : चौक व रास्ता

उत्तर : रोड दक्षिण : मकान श्री आशिक चूडी का है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

अवैध रंगदारी मांगने, धमकाने का आरोप

भीलवाड़ा। कोटड़ी के तथाकथित पत्रकार के खिलाफ रंगदारी वसूलने और धमकाने को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पीड़ित प्रवीण जैन पुत्र भोपाल सिंह ने बताया कि तथाकथित पत्रकार रामप्रसाद आचार्य ने एक झूठी खबर अखबार में छपवाई जिसमें बताया गया कि रामजस मूंदड़ा नाम के व्यक्ति ने मेरे खिलाफ सूदखोरी का मामला दर्ज कराया। मेरी यानी प्रवीण की गिरफ्तारी हुई है। इसमें दो अन्य व्यक्तियों के नाम भी दिए गए जो कि सूर्यप्रकाश नाथ और अंकित सांसी है। मेरे खिलाफ किसी रामजस मूंदड़ा ने मामला दर्ज नहीं कराया और न ही मेरी कोई गिरफ्तारी हुई है। जिन दो व्यक्तियों को मेरे साथ गिरफ्तार दिखाया है उन्हें तो मैं जानता तक नहीं हूं। झूठी खबर छापने को लेकर रामप्रसाद आचार्य को तकाजा किया तो उसने कहा कि तू मुझे 25 हजार रूपये दे दे वरना मैं तेरी अखबार में झूठी खबरें छपवाकर तुझे बदनाम कर दूंगा। कहीं का भी नहीं छोडूंगा। अभी तो कुछ नहीं हुआ है। तू मुझे मंथली खर्चा पानी नहीं देगा तो मैं तेरे खिलाफ इतनी अखबार मे खबरें छपवाउंगा कि तुझे कोटड़ी छोडकर जाना पड़ेगा।

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में चयनित छात्र ठांथिकपाल सिंह शेखावत का सम्मान

- सेना में अधिकारी के लिए चयनित होना कठोर तपस्या से कम नहीं : स्क्वाड्रन लीडर रावत

ब्यावर (निस) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में अधिकारी बनने के लिए युवाओं को कोचिंग व मार्गदर्शन हेतु ब्यावर में संचालित संस्थान "सेवियर्स इंग्लिश अकादमी की ओर से उसके छात्र ठांथिकपाल सिंह का एनडीए में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चयनित छात्र को एक खुली जीप में होटल राजमहल से सेन्दड़ा रोड़ मोती नगर स्थित अकादमी कार्यालय तक खुली जीप में गाजे-बाजे से ले जाया गया। चयनित प्रतिभा को मालाओं से लादने के साथ ही सैंकडो महिलाओं व पुरूषों सहित युवाओं ने रास्ते भर भारत माता की जय के नारे लगाये। भव्य मंच पर मौजूद अतिथियों ने युवा प्रतिभा को मालाएं व साफा पहनाने के अलावा स्मृतिचिन्ह भेंटकर उसकी हौंसला अफजाई करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ की।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे पूर्व गृह राज्य मंत्री तथा एयर फोर्स में स्क्वाड्रन लीडर रहे डॉ. लक्ष्मणसिंह रावत ने कहाकि सेना में अग्निवीर में भर्ती की कोचिंग देने वाले तो अनेक संस्थान हैं लेकिन सेना में अधिकारी हेतु कोचिंग देकर तैयार करने वाली यह ब्यावर की पहली अकादमी है, जिसके संचालक चन्द्रपाल सिंह खंगारोत को इस साहसिक कार्य हेतु बधाई। डॉ. रावत ने कहा कि मेरे नाना ने प्रथम विश्वयुद्ध में, पिता ने द्वितीय विश्वयुद्ध में, मैंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लिया और पाक सेना प्रमुख जनरल नियाजी ने अपनी सेना केसाथ बांग्लादेश में जब आत्मसमर्पण किया तब ढाका में मैं भी उस घटना का साक्षी रहा।

उन्होंने यह भी कहाकि मगरा क्षेत्र के हर चौथे घर से सेना में एक युवक सेवारत है, यहां की माटी को वरदान है। पूर्व विधायक डॉ.रावत ने कहाकि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मुझे अगले जन्म में विधायक बनाने के बजाय एक सैन्य अधिकारी ही बनावें। उन्होंने कहा मुझे सेना में सेवा करते जो सुकून मिला वो राजनीति में कभी नहीं मिल पाया। आज भी अगर बुलावा आए तो मैं सेना में सेवा केलिए खुद को फिट मानता हूं।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह राठौड ने कहाकि मेरी बहुत हार्दिक इच्छा थी कि मैं सेना के एयर फोर्स में जाऊं लेकिन मेरी माताजी हवाई उड़ान से डरती थी इसलिए मैंने पुलिस की नौकरी चुनी। उन्होंने कहाकि मुझे सौभाग्य मिला कि मैं वर्दी धारण कर राष्ट्र की सेवा कर रहा हूँ, यह मौका सबको नसीब नहीं होता। उन्होंने एनडीए में चयनित छात्र को शुभकामनाएं दी और कहाकि वह मन लगाकर निडरता से आगे बढे, और युवाओं की प्रेरणा बने।

समारोह की विशिष्ट अतिथि सध राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.रेखा मंडोवरा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने केलिए एकाठाता, निरन्तरता तथा कुशल मार्गदर्शन हो तो कामयाबी निश्चित है। उन्होंनें इस बात पर खुशी जताई कि ब्यावर में अब सेना में अधिकारी स्तर की कोचिंग हेतु भी अकादमी शुरू हो गई और उसके पहले बैच के ही दोनों छात्रों को इन्टरव्यू का मौका मिला और एक का चयन भी हो गया, यह अकादमी संचालक के परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि समाजसेवी इन्दरसिंह बागावास ने चयनित युवक की हौंसला अफजाई करते हुए कहाकि मातृभूमि की सेवा का सौभाग्य तो क्षित्रयों का पारंपरिक धर्म रहा है। राष्ट्र की सेवा का साहस जिद्द और जुनून से ही संभव है।

यह हिम्मत अन्य युवकों को भी हौंसला देगी और ब्यावर क्षेत्र का गौरव और बढेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि एवं लेखक रामप्रसाद कुमावत ने अतिथियों तथा अकादमी का परिचय कराया तथा कहाकि मगरे की वीरप्रसूता धरा के जाँबाज युवाओं को सीधे अधिकारी की ट्रेनिंग का अवसर मिलना और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवास में प्रवेश मिलना गर्व करने योग्य दुर्लभ अवसर है जिसका इस चयन से अब सहज शुभारंभ हो गया है। समारोह के प्रारम्भ में सेवियर्स इंग्लिश अकादमी तथा परिवार की ओर से अतिथियों का माला, साफा, शॉल व स्मृतिचिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर संगोष्ठी 5 को

अजमेर । महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन स्थित स्वराज सभागार में 5 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का विषय 'नीति से परिवर्तन तक' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 5 वर्ष' रखा गया है संगोष्ठी के संयोजक व अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता वरिष्ठ शिक्षाविद हनुमान सिंह राठौड़ होंगे तथा मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस के अग्रवाल करेंगें। संगोष्ठी के आयोजन सचिव व अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के विश्वविद्यालय इकाई सचिव तथा मदस विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद पारीक ने बताया।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/200 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 04.08.25

श्री ज्ञानचन्द शर्मा एवं श्री प्रेम चन्द शर्मा पुत्रगण स्व. श्री मूलचन्द शर्मा निवासीगण म.नं. 344/4 केसरीमल की होटल के पास लाखन कोटड़ी, अजमेर द्वारा एक सम्पति जिसका ए.एम.सी. नं. 8/504 502 344/4 354/42 में स्थित है जो वाके केसरीमल की हवेली के पास लाखन कोटड़ी अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 120.39 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : जायदाद ए.एम.सी. नं. 4/486 4/468 पश्चिम : शामलाती चौक जरिये शामलाती गेट व रास्ता जाने आने का

उत्तर : जायदाद ए.एम.सी. नं. 8/501 4/343 42/352 दक्षिण : जायदाद ए.एम.सी. नं. 08/503 4/354 4/355

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक : न.प.कि / कृषि भूमि नियमन /2025/1149 **आम सूचना** दिनांक : 4/8/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 286/1 का भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 221.66 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्रीमति मैना पत्नि श्री बाबू खाँ निवासी मालियो की ढाणी मदनगंज किशनगढ	मदनगंज 286/1 221.66 वर्गगज	आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 789 जाहिर आम सूचना दिनांक -1.8.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/25, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 229.81 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री मांगीलाल डांगा पुत्र स्व. श्री पेमाराम को आवंटित कर दिनांक 25.07.2006 को आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री मांगीलाल डांगा पुत्र स्व. श्री पेमाराम द्वारा दिनांक 22.05.2007 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री मांगीलाल डांगा पुत्र स्व. श्री पेमाराम द्वारा आवास का बैचान श्री पंकज कुमार सैनी पुत्र श्री सत्यनारायण सैनी को दिनांक 28.07.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 991 में पृष्ठ संख्या 41 क्रम संख्या 202503002108444 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3962 के पृष्ठ संख्या 125 से 136 पर दिनांक 28.07.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्री पंकज कुमार सैनी पुत्र श्री सत्यनारायण सैनी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री पंकज कुमार सैनी पुत्र श्री सत्यनारायण सैनी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर